***प्रेस विज्ञप्ति***

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

पंतनगर। 1 अक्टूबर 2025। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के चिकित्सालय में आज कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन छात्र कल्याण विभाग, वीरा फाउंडेशन, देहरादून एवं उच्च शिक्षा निदेशालय, देहरादून के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्देश्य प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं में हताहत जनमानस को रक्त उपलब्ध कराना था। वीरा फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग उत्तराखण्ड शासन के साथ मिलकर राज्यभर में रक्त की आवश्यकता पड़ने पर इसे उपलब्ध कराती है।

कुलपति डा. चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव राष्ट्र, राज्य और समाज सेवा में अग्रणी रहा है। रक्तदान शिविर में छात्रों की स्वैच्छिक भागीदारी से स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय परिवार सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में सक्षम और सक्रिय है। उन्होंने रक्तदान कर रहे छात्र–छात्राओं एवं परिसरवासियों का उत्साहवर्धन भी किया।

शिविर में छात्र–छात्राओं एवं परिसवासियों ने बड़े उत्साह के साथ रक्तदान में सहभागिता की। शिविर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सहयोग से लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना ने किया। इस अवसर पर सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. श्वेता राय, चिकित्सालय प्रभारी डा. पी. प्रभाकरन, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

